# SHREE VASISHTHA VIDHYALAYA

**Hindi 2nd Lang. Worksheet 2024-25**

Name : - ______ Std.:- IV - ______

Roll No. :- ______ Worksheet No. Term-1-01 Date : - ______

## गद्यांश

एक चतुर मेंढ़क धूप में बैठा धूप सेंक रहा था। तभी एक चील की दृष्टि उस पर पड़ती है। चील चुपके से मेंढ़क के पीछे से आकर उसे अपने पंजों में दबोच कर ले उड़ती है। मेंढ़क घबरा जाता है, लेकिन वह अपना साहस नहीं छोड़ता और उससे बचने की युक्ति सोचने लगता है। तभी चील बोली , "अब मैं तुझे खाऊंगी।" मेंढ़क अपना भय छिपाते हुए मुस्कुरा कर बोला ,लेकिन मैं तो कीचड़ से सना हुआ हूं ,गंदा हूं। अगर तुम मुझे खाओगी तो तुम्हारे पेट में दर्द हो जाएगा। तुम मुझे पानी से धो लो तो तुम्हें मुझे खाने में मजा भी आएगा। चील उसकी बातों में आ गई और उसे लेकर तालाब के पास गई, जैसे ही चील ने मेंढक को तालाब के किनारे छोड़ा,मेंढ़क फुदक कर तालाब में चला गया और चील से बोला ,चीलरानी ताकत ही सब कुछ नहीं होती बुद्धि ताकत से भी अधिक बलवान होती है। चील मेंढ़क को देखती रह गई। इस प्रकार मेंढक संकट काल में धैर्य और बुद्धि के बल पर अपने प्राण बचाने में सफल हो गया।

**प्र-१) गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

१) ताकत से भी अधिक बलवान क्या है?

ताकत से भी अधिक बलवान बुद्धि है।

२) इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

संकट का सामना हमें धैर्य व बुद्धि से करना चाहिए।

३) अर्थ लिखें:-

१)चालाक - चतुर २) जलाशय - तालाब ३) मुसीबत - संकट

४) वर्ण विच्छेद कीजिए:- बुद्धि - ब + उ + द + ध + इ

**प्र-२) शब्दों के अर्थ लिखें:**

१) ध्वज - झंडा २) कौतूहल - विस्मय ३) दरिया - नदी

४) पैरगाड़ी - साइकिल ५) दुशाला - चादर ६) क्लेश - दुःख

७) नाहर - सिंह ८) विज्ञापन - इश्तिहार ९) अधजली- आधी जली

**प्र-३) सही मिलान कीजिए:**

| अ | आ | उत्तर |
|---|---|---|
| १) बिहू , पोंगल | क) ग्रह | १- ग |
| २) चंद्रमा, मंगल | ख) तमाशा | २- क |
| ३) सरकस | ग) त्योहार | ३- ख |

**प्र-४) कम से कम शब्दों में उत्तर लिखें:-**

१) किस प्रकार की भूमि की बात की जा रही है ?

शुष्क और वीरान

२) सर्कस का क्या नाम था ?

बंबई सरकस।

३) बलदेव रस्सी छोड़कर कहाँ कूद गया ?

दरिया में

४) कविता 'गीत खुशी के' में बच्चा कहाँ जाना चाहता है?

मंगल घर पर।

**प्र-५) खाली स्थान भरें :-**

१) मंगल ग्रह पर चौबीस घंटे का दिन है।

२) कवि मंगल ग्रह पर घर बनाना चाहता है।

३) हेड मास्टर साहब ने लड़कों को सर्कस जाने की मनाही कर दी।

४) सिंह डर के मारे सियार बना हुआ था।

**प्र-६) कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :-**

क) है लुभावनी धरती उसकी

नवजीवन की आशाएं

ख) हम पड़ोसियों के मुख से

मंगल रितन कहलवायेंगे

ग) हिंदू मुसलमान की टोली

इय मिले औ खेले होली

गिनती

**प्र-७) सही अंक पर गोला लगाएँ :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) उनतीस - | ३९ | ४९ | (२९) |
| २) सोलह - | १३ | (१६) | ३६ |
| ३) अड़तालीस - | ३८ | २८ | (४८) |

**प्र-८) शब्दों में लिखें :-**

१) ३४ - चौतीस  २) २७ - सत्ताईस  ३) ३६ - छत्तीस

**प्र-९) बीच के शब्द लिखें:-**

१) इक्कीस बाईस तेईस  २) अड़तालीस उनचास पचास

२) बत्तीस तैंतीस चौतीस  ४) सत्रह अठारह उन्नीस